St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar(2nd term) **Class**: 3 **Date**:13.07.2020

Topic- अनुच्छेद लेखन **Answer worksheet -4**

"**<u>हमारा तिरंगा</u>**" विषय पर एक अनुच्छेद लिखो |

<u>संकेत बिन्दु :-</u>

- प्रत्येक राष्ट्र का ध्वज
- देश का राष्ट्रीय ध्वज
- ध्वज में रंगों का अर्थ
- ध्वज का सम्मान
- हमारा कर्त्तव्य

हमारा तिरंगा

प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का अपना एक ध्वज होता है , जो देश का सम्मान होता है |हमारे देश भारत का भी राष्ट्रीय ध्वज है , जिसे हम तिरंगा कहते हैं | यह तीन रंगों से बना है -केसरिया,सफ़ेद और हरा|इसके बीच में नीले रंग से बना अशोक चक्र है |

हमारे तिरंगे में जो केसरिया रंग है , वह देश की शक्ति और साहस को दिखाता है | बीच में सफ़ेद पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है | हरा रंग समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है |

हमारा तिरंगा हमारी शान , बान और आन है | वह हमारा गर्व है | हमें अपने तिरंगे का सदा सम्मान करना चाहिए , तभी हम एक सच्चे नागरिक कहलायेंगे | अपने झंडे की रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है |

Poonam Mehra